संख्या-07/2025/।/845056/2025/001-71-2099-39-2021

प्रेषक,

कृतिका शर्मा,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 खनऊ : दिनांक 08 जनवरी, 2025

विषय:- किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के खदरा एवं आई0डी0एच0 परिसर में निर्माणाधीन ट्राजिंट नर्सेज हास्टल भवन प्रायोजना की अवशेष 05 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-7292/योजना अनुभाग/2024, दिनांक 18.11.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा माध्यम से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के खदरा एवं आई0डी0एच0 परिसर में निर्माणाधीन ट्राजिंट नर्सेज हास्टल भवन प्रायोजना की पुनरीक्षित लागत की अवशेष 05 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि विषयगत परियोजना हेतु शासनादेश संख्या-58/2021/।/69161/2021-71-2099/495/2021, दिनांक 25.11.2013 द्वारा रू0 8622.42 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी। तदोपरान्त शासनादेश संख्या-37/2020/336/71-2-2020-के0जी0एम0यू0-17/2013, दिनांक 26.03.2020 के द्वारा प्रायोजना की प्रथम पुनरीक्षित लागत रू0 12760.22 लाख एवं शासनादेश संख्या-46/2023/।/295034/2023/003-71-2099-39-2021, दिनांक 28.03.2023 द्वारा पुन: पुनरीक्षित लागत 13590.88 लाख स्वीकृत प्रदान की गयी, जिसके सापेक्ष विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से धनराशि रू0 12911.34 लाख अवमुक्त की गयी है एवं धनराशि रू0 679.54 लाख अवशेष है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के खदरा एवं आई0डी0एच0 परिसर में निर्माणाधीन ट्राजिंट नर्सेज हास्टल भवन प्रायोजना हेतु वित्तीय वर्ष 202425 में के0जी0एम0यू0 के 24-वृहद निर्माण कार्य में प्राविधानित धनराशि से परियोजना की पुनरीक्षित लागत की अवशेष 05 प्रतिशत धनराशि रू0 679.54 लाख -अनुदान संख्या) 31 से रू0 536.84 लाख एवं अनुदान संख्या-83 से रू0 142.70 लाख) अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

<u>नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों</u>

1. प्रायोजना का भविष्य में कोई भी पुनरीक्षण स्वीकार्य नहीं होगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2. जी0एस0टी0 की देयता वास्तविकता के अनुसार होगी तथा कार्यदायी संस्था द्वारा अपने स्तर से सुनिश्चित किया जाय कि प्रयोजनान्तर्गत विभिन्न कार्यमदों में जी0एस0टी0 सम्मिलित न हो।
3. प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के कुलसचिव, के0जी0एम0यू0 की होगी।
4. कुलसचिव, के0जी0एम0यू0/कार्यदायी संस्था द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है तथा प्रश्नागत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है एवं इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृति नहीं की गयी है और न ही वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
5. कार्यदायी संस्था को आगणन में अनुमोदित सीमा तक ही सेंटेज चार्ज दिया जायेगा। बाट आउट एवं प्रोप्राइटरी श्रेणी के कार्य हेतु सेन्टेज अनुमन्य नहीं होगा।
6. आगणन में वर्णित लेबर सेस की कुल धनराशि इस शर्त के अधीन अनुमन्य होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।
7. सुसंगत नियमों और प्राविधानों का पालन करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया के तहत प्राक्कलन में निर्धारित विशिष्टयों के अनुरूप समयबद्ध रूप से गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रस्तावित समस्त कार्यो की गुणवत्ता व आडिट की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के कुलसचिव की होगी।
8. लागत में परिवर्तन के संबंध में चालू वित्तीय वर्ष में वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों में दी गयी व्यवस्थानुसार सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।
9. प्रश्नागत कार्य की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति से शासन को प्रत्येक माह अवगत कराते हुए यथासमय कार्यदायी संस्था/कुलसचिव, के0जी0एम0यू0 सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करते हुए उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन/महालेखाकार को उपलब्ध कराया जायेगा।
10. पूर्व निर्गत शासनादेश दिनांक 25 नवम्बर 2013, शासनादेश दिनांक द्वारा 26 मार्च 2020 एवं शासनादेश दिनांक द्वारा 26 मार्च 2020 एवं शासनादेश दिनांक द्वारा 28 मार्च 2023 में उल्लिखित शर्ते एवं प्रतिबन्ध यथावत रहेंगे।
11. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 04 मार्च, 2024 में दी गयी व्यवस्था का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
12. धनराशि को कोषागार से वित्त अधिकारी, के0जी0एम0यू0, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा आहरित किया जायेगा एवं बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 5,36,84,000 (रुपये पॉच करोड़ छत्तीस लाख चौरासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 031 लेखा शीर्षक 4210031050600 किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,उत्तर प्रदेश मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 1,42,70,000 (रुपये एक करोड बयालीस लाख सत्तर हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 4210037893100 के0जी0एम0यू0, लखनऊ मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(कृतिका शर्मा)
विशेष सचिव।

संख्या-07/2025/I/845056/2025/001-71-2099-39-2021, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:

(1) महालेखाकार द्वितीय/प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
(2) महालेखाकार द्वितीय/प्रथम (लेखा परीक्षा), उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
(3) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
(4) निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
(5) मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।
(6) वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
(7) वित्त ई-3
(8) नोडल अधिकारी, बजट आवंटन चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
(9) प्रबन्धक निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ यूनिट-10
(10) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।